दिन–गुरूवार दिनांक– 16 / 01 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री ने आज केंद्रीय कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के लिए आठवें वेतन आयोग के गठन को मंजूरी दी।

02. पटना उच्च न्यायालय ने बीपीएससी की सत्तरवीं प्रारंभिक परीक्षा रद्द करने से किया इनकार।

03. दिल्ली विधानसभा चुनाव में एनडीए का सीट बंटवारा तय। बीजेपी अड़सठ और जदयू तथा लोजपा रामविलास एक–एक सीट पर चुनाव लड़ेगी।

04. और, प्रदेश में सर्द पछुआ हवा ने बढ़ाई कनकनी। मौसम विभाग का पूर्वानुमान आने वाले दिनों में और बढ़ेगी ठंड।

————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज केंद्रीय कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के लिए आठवें वेतन आयोग के गठन की मंजूरी दी है। केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि सातवें वेतन आयोग का कार्यकाल दो हजार छब्बीस में समाप्त होने वाला है और अभी 8वें वेतन आयोग के गठन से वेतन पैनल की सिफारिशें प्राप्त करने के लिए पर्याप्त समय मिलेगा।

———बाईट———

————————————————————

पटना उच्च न्यायालय ने बीपीएससी की सत्तरवीं प्रारंभिक परीक्षा रद्द करने से इनकार कर दिया है। न्यायमूर्ति अरविन्द सिंह चंदेल ने इस मामले की सुनवाई करते हुए कहा कि सभी तथ्यों को देखते हुए परीक्षा के लिए अंतिम राहत नहीं दी जा सकती। न्यायालय ने पुर्नपरीक्षा की आवश्यकता को दरकिनार करते हुए आयोग को तीस जनवरी से पहले याचिका कर्ता द्वारा उठाये गए सवालों को लेकर एफिडेविट देने को कहा है। मामले की अगली सुनवाई इकतीस जनवरी को होगी।

———————————————————————————————

जन सुराज पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर ने आज अपना अनशन समाप्त कर लिया। सत्तरवीं बीपीएससी परीक्षा रद्द किए जाने की मांग को लेकर पिछले चौदह दिनों से अनशन कर रहे श्री किशोर ने समर्थकों के दिए फल खाकर अपना अनशन खत्म किया। उन्होंने कहा कि बीपीएससी अभ्यर्थियों के न्याय मिलने तक उनका सत्याग्रह जारी रहेगा।

———————————————————————————————

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन—इसरो ने आज स्पेडेक्स मिशन के तहत दो उपग्रहों की डॉकिंग प्रक्रिया को सफलतापूर्वक संपन्न किया है। इस उपलब्धि की प्रशंसा करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इसरो के वैज्ञानिकों और उपग्रहों की अंतरिक्ष डॉकिंग के सफल प्रदर्शन के लिए अंतरिक्ष दल को बधाई दी है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि यह मिशन आगामी वर्षों में देश के महत्वकांक्षी अंतरिक्ष मिशनों के लिए महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

———————————————————————————————

देश आज स्टार्टअप इंडिया की नौवीं वर्षगांठ मना रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट पर कहा है कि सरकार ने देश में स्टार्टअप की संस्कृति को प्रोत्साहन दिया है। श्री मोदी ने कहा कि स्टार्टअप इंडिया की परिवर्तनकारी पहल ने पिछले नौ वर्षों में अनगिनत युवाओं को सशक्त बनाया है और उनके नवोन्मेषी विचारों को सफल स्टार्टअप में बदला है। श्री मोदी ने कहा कि सरकार नवाचार और इनक्यूबेशन केंद्रों को सक्रिय रूप से बढ़ावा दे रही है ताकि देश के युवा जोखिम उठाने वाले बनें।

———बाईट———

देश ने स्टार्टअप इंडिया अभियान शुरू किया, तो देश के युवाओं ने दिखा दिया कि वो क्या कुछ कर सकते हैं। आज भारत दुनिया का तीसरा बड़ा स्टार्टअप ईको सिस्टम है।

———————————————————————————————

इधर, स्टार्टअप दिवस के अवसर पर प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। शेखपुरा के राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में छात्र–छात्राओं ने अपने नवाचार और स्टार्टअप के बारे विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर जिलाधिकारी आरिफ अहसन जीविका दीदी द्वारा अस्पताल में भर्ती मरीजों के लिए वस्त्र निर्माण इकाई का निरीक्षण किया और स्टार्टअप को सम्मानित किया।

———————————————————————

निर्वाचन आयोग ने राजनीतिक दलों को चुनाव के दौरान प्रचार के लिए साझा की जाने वाली कृत्रिम बुद्धिमत्ता–ए.आई जनित और सिंथेटिक सामग्री के प्रयोग की लेबलिंग के लिए आवश्यक उपाय करने का निर्देश दिया है। आयोग ने सभी राजनीतिक दलों के प्रमुखों को सलाह दी है कि प्रचारकों को ऑनलाइन प्रसारित विज्ञापनों और प्रचार सामग्री में अस्वीकरण शामिल करना होगा।

———————————————————————

जदयू और लोजपा रामविलास भी दिल्ली विधानसभा चुनाव में अपने उम्मीदवार उतारेगी। एनडीए में सीटों का बंटवारे के तहत बीजेपी अड़सठ जबकि लोजपा आर और जदयू एक–एक सीट पर अपने उम्मीदवार उतारेगी। जदयू ने बुरारी सीट से शैलेन्द्र कुमार को टिकट दिया है। जबकि लोजपा आर. के हिस्से में देवली सुरक्षित सीट आई है। वहीं, जीतनराम मांझी की अगुवाई वाली हम पार्टी को कोई सीट नहीं मिली है।

———————————————————————

केन्द्रीय मंत्री और हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा के संरक्षक जीतनराम मांझी ने कहा है कि इंडी गठबंधन में बिखराव पहले से ही तय था। श्री मांझी ने कहा कि इंडी गठबंधन में शामिल विभिन्न दल कुर्सी के लिए साथ आये थे। कुर्सी नहीं मिली तो बिखर गए।

———बाईट———

इधर, राजद के राष्ट्रीय प्रवक्ता और राज्यसभा सांसद मनोज झा ने कहा कि इंडिया गठबंधन केन्द्रीय स्तर पर एक विकल्प के तौर पर विकल्प के तौर पर पेश किया गया था। राज्यों में यह गठबंधन अपने पूर्ण रूप में लागू नहीं।

———————————————————————

और अब ख़बरें कुम्भ से...

प्रयागराज का महाकुंभ संस्कृति और आध्यात्मिकता के साथ—साथ पर्यावरण संरक्षण की सशक्त पहचान बन रहा है। हमारे संवाददाता ने बताया है कि प्रयागराज इस महीने की इकतीस तारीख को हरित महाकुंभ की मेजबानी करेगा।

———बाईट———

हरित महाकुंभ में देशभर से एक हजार से अधिक पर्यावरण और जल संरक्षण कार्यकर्ताओं को एक मंच प्रदान करेगा, जहां वे प्रकृति, पर्यावरण, जल और स्वच्छता से संबंधित मुद्दों पर चर्चा करेंगे। विशेषज्ञ प्रकृति के पांच तत्वों के संतुलन को बनाए रखने और लोगों के सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान करने के बारे में अपने अनुभव और जानकारी साझा करेंगे। इसके अतिरिक्त पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता के बारे में महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालुओं के बीच जागरूकता बढ़ाने के तरीकों के साथ—साथ इन प्रयासों को बढ़ावा देने के लिए चलाए जा रहे अभियानों पर चर्चा की जाएगी। वहीं मेला प्रशासन महाकुंभ नगर क्षेत्र में प्लास्टिक और थर्माकॉल की बजाय  कुल्हड़, दोना और पत्तल जैसे पर्यावरण अनुकुल सामग्री को बढावा दे रहा है। वहीं सौर ऊर्जा को उपयोग और ई—वाहन जैसे पर्यावरण अनुकूल परिवहन महाकुंभ 2025 की अन्य विशेषताएं हैं। अनुपम मिश्र के साथ आनंद कुमार, आकाशवाणी समाचार, महाकुंभ नगर, प्रयागराज।

———————————————————————

बिहार राज्य व्यवहार न्यायालय कर्मचारी संघ के आह्वान पर प्रदेश के विभिन्न जिलो में सिविल कोर्ट के कर्मचारियों ने आज से अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी है। इसी क्रम में शिवहर, बेगूसराय, शेखपुरा, पश्चिम चंपारण समेत विभिन्न व्यवहार न्यायालय में कर्मियों ने कामकाज ठप कर धरना प्रदर्शन किया। हड़ताली कर्मी वेतन विसंगति समाप्त करने, अनुकंपा पर नौकरी, पदोन्नति, विशेष न्यायिक कैडर बनाने और लेकर मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे है।

———बाईट———

इधर, पटना उच्च न्यायालय ने सभी जिला और सत्र न्यायाधीश को कोर्ट परिसर में शांति व्यवस्था बनाए रखने और न्यायिक कार्य  के निष्पादन के लिए विशेष व्यवस्था करने के निर्देश दिए है।

———————————————————————

प्रदेश के विभिन्न भागों में कड़ाके की ठंड और कुहासे से जनजीवन बुरी तहर प्रभावित हुआ है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार अधिकतम और न्यूनतम तापमान के बीच अधिकांश स्थानों पर चार डिग्री सेल्सियस से भी कम का अंतर दर्ज किया गया है। इसके कारण कनकनी बढ़ गई है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान आठ दशमलव एक डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ बांका राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा। वहीं, समस्तीपुर के पूसा में शीतदिवस की स्थिति बनी रही। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के वैज्ञानिक ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि राज्य के अधिकतर भागों में अगले दो दिनों तक ऐसी ही स्थिति बनी रहेगी। इसके बाद न्यूनतम तापमान में तीन डिग्री सेल्सियस तक की और कमी होगी। जिससे ठंड में वृद्धि होगी।

———बाईट———

———————————————————————

न्यायमूर्ति के. विनोद चंद्रन ने आज उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में शपथ ग्रहण की। भारत के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना ने जस्टिस चंद्रन को शपथ दिलाई। सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम की सिफारिश पर पटना उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस चंद्रन की उच्चतम न्यायालय में नियुक्ति को केन्द्र ने  मंजूरी दी थी।

———————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपनी प्रगति यात्रा का तीसरा चरण आज खगड़िया से शुरू किया। श्री कुमार ने जिले की पांच सौ करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्‌घाटन और शिलान्यास किया। श्री कुमार ने जीविका दीदियों और स्थानीय लोगों के साथ संवाद भी किया।

———————————————————————

केरल के कोच्ची में आयोजित राष्ट्रीय दृष्टिबाधित महिला क्रिकेट प्रतियोगिता में बिहार की टीम ने चंडीगढ़ को चौंतीस रन से हरा दिया। बिहार की प्रियंका यादव ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सबसे अधिक नाबाद सैंतालीस रन बनाए।

———————————————————————————

शिवहर जिले में सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत आज जागरूकता रैली निकाली गई है। जिलाधिकारी विवेर रंजन मैत्रेय ने कहा कि यातायात नियमों का पालन कर सड़क हादसों में कमी लाई जा सकती है।

———————————————————————————

रोहतास जिले के करगहर थाना क्षेत्र अंतर्गत गारा चौबे नहर पथ पर दो मोटरसाइकिल की टक्कर में एक व्यक्ति की मौत हो गई। वहीं, तीन अन्य व्यक्ति घायल हो गये।

———————————————————————————

सहरसा जिले के महिषी में अट्ठाईस जनवरी से शुरू हो रहे उग्रतारा सांस्कृतिक महोत्सव की तैयारी के लिए बैठक की गई। महोत्सव के संयोजक डॉक्टर अक्षय चौधरी ने यह जानकारी दी।

———————————————————————————

सीतामढ़ी जिले के परिहार में पिछले दिनों एक फाइनांस कर्मी से लूट के मामले में पुलिस ने दो अपराधियों को गिरफ्तार किया है। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर रामकृष्ण ने इसकी जानकारी दी।

———————————————————————————

मुंगेर विश्वविद्यालय के नये कुलपति प्रोफेसर संजय कुमार ने आज पदभार ग्रहण कर लिया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के भवन निर्माण के लिए जमीन चयन की प्रक्रिया को शीघ्र पूरा किया जायेगा।

————————————————————————

रोहतास जिले के चेनारी में पुलिस ने अवैध लॉटरी कारोबार का उद्‌भेदन किया है। पुलिस ने मौके से पैंतालीस करोड़ मूल्य का लॉटरी टिकट जब्त किया है। वहीं, इस धंधे में शामिल सौ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ किया जा रहा है।

————————————————————————

मुंगेर जिले के जमालपुर में वार्ड नंबर अट्‌ठाईस में हाईटेंशन तार की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई।

————————————————————————

अरवल जिले में दस फरवरी से फाइलेरिया उन्मूलन के लिए सर्वजन दव सेवन अभियान चलाया जायेगा। इसे लेकर आज सिविल सर्जन के अध्यक्षता में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

————————————————————————

अररिया की स्थानीय अदालत ने शराब बरामदगी मामले में आरोपी सुनील कुमार उर्फ सोनू साह को पांच साल सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने दो लाख रूपये का आर्थिक जुर्माना भी लगाया है।

————————————————————————

01. प्रधानमंत्री ने आज केंद्रीय कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के लिए आठवें वेतन आयोग के गठन को मंजूरी दी।

02. पटना उच्च न्यायालय ने बीपीएससी की सत्तरवीं प्रारंभिक परीक्षा रद्द करने से किया इनकार।

03. दिल्ली विधानसभा चुनाव में एनडीए का सीट बंटवारा तय। बीजेपी अड़सठ और जदयू तथा लोजपा रामविलास एक–एक सीट पर चुनाव लड़ेगी।

04. और, प्रदेश में सर्द पछुआ हवा ने बढ़ाई कनकनी। मौसम विभाग का पूर्वानुमान आने वाले दिनों में और बढ़ेगी ठंड।

———————————————————————

समाप्त